nt>

MR. SPEAKER: Shri Atique Ahamad.

This will be treated as laid on the Table of the House.

Title: Need to set up an office of Army Recruitment Board at Allahabad, Uttar Pradesh.- Laid.

श्री अतीक अहमद (फूलपुर) : इलाहाबाद में सेना की बहुत बड़ी छावनी होने के बावजूद यहां पर सेना भर्ती बोर्ड का कोई भी कार्यालय नहीं है। इलाहाबाद और इससे सटे हुए बहुत से महत्वपूर्ण शहरों जैसे फूलपुर, कानपुर, वाराणसी और आजमगढ़ में रहने वाले लाखों नवयुवकों में सेना में भर्ती होकर देश की रक्षा और सेवा करने की हार्दिक इच्छा है। परंतु इलाहाबाद में सेना भर्ती बोर्ड का कोई कार्यालय न होने के कारण इनकी सेवा में भर्ती नहीं हो पाती।

अतः इस सम्माननीय सदन के माध्यम से मैं रक्षा मंत्री जी से अनुरोध करता हूं कि वे इस ओर ध्यान देकर इलाहाबाद में सेना भर्ती बोर्ड का एक कार्यालय स्थापित करने हेतु तुरंत निर्देश जारी करें ताकि इस क्षेत्र के नवयुवक सेना में भर्ती होकर देश की सेवा कर सकें।